जबलपुर | मंगलवार 7 जुलाई 2026 | वर्ष 77 | अंक 164 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से



5 मुंबई में भारी बारिश के कहर से डूबा शहर



6 चाणक्य के आईने में मंदिर ट्रस्ट का विवाद



7 10 साल में बनाएं 5 लाख का फंड



8 नेमार ने फुटबॉल से लिया संन्यास

# भोपाल बनेगा इंडस्ट्री हब

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया भूमिपूजन और शिलान्यास

**10 हजार की क्षमता वाला कन्वेंशन सेंटर भी बनेगा**

**15 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 जुलाई. सतगढ़ी राजधानी भोपाल का नया ग्रोथ इंजन बनने तैयार है. यहां बनने वाले स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क और आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भूमिपूजन और शिलान्यास किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भोपाल को सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क और कन्वेंशन सेंटर की बड़ी सौगात मिली है.**

यह इंडस्ट्रियल पार्क देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा. सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा. सतगढ़ी क्षेत्र औद्योगिक विकास की दिशा में एक मंदिर के समान होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम जो कहते हैं, करके दिखाते हैं. प्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र हमारे किसानों के लिए भी समृद्धि का द्वार खोलेंगे. युवाओं को रोजगार मिलेगा. गारमेंट इंडस्ट्री से कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा. हमारी सरकार खेत से कारखाने और उद्योग को बाजार से जोड़ने के लिए कार्य कर रही है. यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क वर्क-लिव-ग्रो मॉडल पर विकसित किया जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क से राजाभोज विमानतल की दूरी महज 25 किलोमीटर है. रानी कमलापति स्टेशन भी मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर है. भोपाल का वेस्टर्न बायपास भी यहीं से गुजरेगा. सतगढ़ी के 25 एकड़ क्षेत्र में 10 हजार क्षमता वाला एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर भी बनेगा. यह प्रदेश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर होगा। मध्यप्रदेश अपने औद्योगिक विकास और पारदर्शी व्यवस्था के साथ तेजी से आगे बढ़ता जाएगा. सागर ग्रुप के सुधीर अग्रवाल सतगढ़ी में 100 करोड़ का निवेश करेंगे. भोपाल प्राकृतिक सुंदरता और झील-तालाबों की नगरी है, लेकिन अब यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क भी राजधानी की पहचान बनेगा.



**इसी माह आएगा यूसीसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दो बार दोहराया कि प्रदेश में इसी माह यूसीसी आएगा. पहले तो उन्होंने लाल घाटी में पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यूसीसी लागू करने की बात कही. बाद में सतगढ़ी में भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि एमपी में इसी माह यूनिफॉर्म सिविल कोड आएगा.

# श्री राम मंदिर ट्रस्ट के कृष्ण मोहन बनेंगे महासचिव

## चंपत और अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

**अयोध्या, 6 जुलाई. श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक सोमवार को राम मंदिर परिसर में की गई है. बैठक का स्थान अचानक बदल गया, बैठक पहले अयोध्या के मणिराम छावनी में तय होनी थी.**

बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की है.सूत्रों के मुताबिक, सेवादारों और गार्डों को बाहर बैठाया गया. ट्रस्ट सदस्यों के मोबाइल भी गेट पर जमा करा लिए गए हैं, करीब तीन घंटे तक चली. अहम बैठक में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की चंपत राय का और अनिल मिश्रा का इस्तीफा ट्रस्ट ने मंजूर कर लिया है.



**ट्रस्ट ने कहा -2900 वस्तुओं का रिकॉर्ड मौजूद**

- ट्रस्ट को दान के जरिए 3,264 करोड़ रुपये मिले थे
- इनमें से 2,370 करोड़ रुपये मंदिर निर्माण और अन्य कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं
- 31 मार्च 2026 तक श्रद्धालुओं से 582 करोड़ रुपये की चढ़ावा राशि प्राप्त हुई
- अब तक ऐसी 2,926 भेंटें प्राप्त हुई हैं. इन सभी का पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज है।

कृष्ण मोहन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव बनाए गए हैं. वह पहले से ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य हैं. ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद उन्हें 9 सितंबर 2025 को ट्रस्ट का सदस्य चुना गया था. अब उन्हें अंतरिम महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है. कृष्ण मोहन मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के शाहाबाद क्षेत्र के निवासी हैं. वह भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी रह चुके हैं.

# भारत हमारा मजबूत और विश्वसनीय मित्र

**नई दिल्ली, 6 जुलाई. अमेरिका-इजरायल ने मिलकर इजरायल जंग की शुरुआत की थी. अब उसी ईरान जंग ने अमेरिका और इजरायल की दोस्ती में खटास ला दी है. जी हां, ईरान और लेबनान मसले पर अमेरिका और इजरायल के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है.**

कभी एक-दूसरे के लिए जान देने वाले अमेरिका-इजरायल अब एक-दूसरे पर ही बरस रहे हैं. अव्वल तो यह कि ट्रंप तो बेंजामिन नेतन्याहू को हड़का ही रहे थे, अब जेडी वेंस भी इजरायल को धमकाने लगे हैं. मगर बेंजामिन नेतन्याहू भी कहां पिछे रहने वाले हैं. उन्होंने भी अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को मुंहतोड़ जवाब दिया है. जेडी वेंस ने कहा था कि इजरायल के पास केवल अमेरिका ही इकलौता शक्तिशाली सहयोगी है. इसके जवाब में बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मेरे पास भारत जैसा शक्तिशाली देश भी है.

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के उस दावे का खंडन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल का इकलौता शक्तिशाली सहयोगी अमेरिका है. जेडी वेंस के इस बयान पर बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत को देश के सबसे मजबूत अंतरराष्ट्रीय समर्थकों में से एक बताया. फॉक्स न्यूज़ के साथ एक इंटरव्यू में बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह जेडी वेंस का सम्मान करते हैं लेकिन उनकी बात से सहमत नहीं हैं.



### ताजमहल सर्वे मांग पर हाईकोर्ट ने केंद्र और एआईएस से मांगा जवाब

**प्रयागराज.** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा स्थित ताजमहल के सर्वे और निरीक्षण की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जवाब मांगा है. साथ ही मामले में निजी प्रतिवादियों को भी नोटिस जारी किया गया है. यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने पारित किया. यह याचिका भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान की ओर से उनके मित्र हरिशंकर जैन और अन्य श्रद्धालुओं द्वारा दायर की गई है।

### एक नजर में



**आलोक मित्तल पुलिस अनुसंधान ब्यूरो के डीजीपी**

**नई दिल्ली.** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आलोक कुमार मित्तल को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का महानिदेशक, अमित गर्ग को राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो का निदेशक और सुजीत पाण्डेय को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी का निदेशक नियुक्त किया गया है. गृह मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंत्रालय के प्रस्तावों का अनुमोदन करते हुए इन नियुक्तियों को मंजूरी दे दी है.

**यूक्रेन पर रूस के हमले में 11 लोगों की मौत**

**कीव.** यूक्रेन की राजधानी कीव के शीर्ष सैन्य प्रशासक ने सोमवार को कहा कि एक हफ़्ते के भीतर दूसरी बार यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी हमलों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी. शीर्ष सैन्य प्रशासक तिमुर तकाचेंको ने बताया कि लगभग 46 लोग घायल हुए हैं, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं. आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि कीव के बड़े इलाके में तीन और लोगों की मौत हुई है. श्री तकाचेंको ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया कि 20 से ज़्यादा जगहों पर बचाव कार्य चल रहा है और दो जिलों में ऊंची रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया गया है.

### गुस्ताखी माफ




# दिल्ली में 6 दहशतगर्द गिरफ्तार

- दिल्ली, पंजाब और यूपी में छापेमारी, आतंकी का भंडाफोड़
- शहजाद भट्टी नेटवर्क पर स्पेशल सेल की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 6 जुलाई. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े दो अलग-अलग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने दिल्ली और पंजाब के विभिन्न स्थानों पर समन्वित छापेमारी कर छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है.**

अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कई अवैध पिस्तौल, अन्य हथियार और पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं. मामले की जांच फिलहाल जारी है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी दो अलग-अलग नेटवर्क के जरिए अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे. पहला मॉड्यूल कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों और देशविरोधी साजिशों से जुड़ा हुआ था. जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि इस मॉड्यूल का संभावित लक्ष्य क्या था और क्या किसी बड़ी वारदात की योजना बनाई जा रही थी. दूसरा मॉड्यूल अवैध हथियारों की तस्करी से संबंधित बताया गया है.

पुलिस के अनुसार, यह नेटवर्क कथित रूप से अपराधियों और गैंगस्टरों तक हथियार पहुंचाने का काम करता था. बरामद हथियारों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है ताकि उनके स्रोत और संभावित इस्तेमाल के बारे में जानकारी जुटाई जा सके. पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के कई राज्यों तक फैले होने की आशंका भी सामने आई है.

### बंगाल के पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाएंगे श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् और राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर सोमवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक के पाठ्यक्रम में उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को शामिल किया जाएगा. उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व और उनके राष्ट्रवादी विचारों से परिचित कराना समय की आवश्यकता है.

# हाफिज सईद पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट

## पहलगाम आतंकी हमले में एनआईए की नई कार्रवाई

**नई दिल्ली, 6 जुलाई. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने वर्ष 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले की जांच के तहत पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू की विशेष एनआईए अदालत में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है.**

एजेंसी ने आरोप लगाया है कि हाफिज सईद ने भारत के खिलाफ साजिश रचने और सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. एनआईए के अनुसार, पूरक आरोपपत्र में भारतीय न्याय संहिता, 2023 तथा गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम , 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप शामिल किए गए हैं. एजेंसी ने आरोपपत्र में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने, सीमा पार से आतंकी साजिश रचने और प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के माध्यम से आतंकवाद को समर्थन देने से जुड़े आरोपों का उल्लेख किया है. जांच एजेंसी का कहना है कि सप्लीमेंट्री चार्जशीट में पाकिस्तान आधारित कथित साजिश, हाफिज सईद की भूमिका तथा वैज्ञानिक और तकनीकी जांच से जुड़े साक्ष्यों को भी शामिल किया गया है.



# टीम इंडिया के कप्तान बने श्रेयस

- जिम्बाब्वे दौरे पर 4 नए चेहरों को मौका
- संजू सैमसन बाहर, प्रभसिमरन को पहली बार मौका

**नई दिल्ली, 6 जुलाई. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 23 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है. टीम की कमान एक बार फिर श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है, जबकि तिलक वर्मा को उप-कप्तान बनाया गया है.**

चयनकर्ताओं ने इस दौरे के लिए अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित संयोजन तैयार किया है.

टीम में सबसे चर्चित वापसी बल्लेबाज रिंकू सिंह की हुई है. रिंकू हाल के कुछ अंतरराष्ट्रीय दौरों और टूर्नामेंटों का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब उन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए फिर से मौका मिला है.



# पूर्व आबकारी अधिकारी पर ईडी का शिकंजा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 6 जुलाई. आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अलीराजपुर के पूर्व जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला आगे बढ़ाते हुए इंदौर की विशेष अदालत (पीएमएलए) में अभियोजन शिकायत पेश की है. शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने आरोपी को नोटिस जारी किया है.**

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार भोपाल जोनल कार्यालय की जांच लोकायुक्त पुलिस, इंदौर द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले के आधार पर शुरू हुई थी. जांच में सामने आया कि आबकारी विभाग में पदस्थ रहने के दौरान धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पर अपनी ज्ञात वैध आय के मुकाबले कहीं अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है.




जांच एजेंसी के अनुसार आरोपी ने कथित अवैध धन को अपने साथ साथ परिवार के सदस्यों के नाम पर चल अचल संपत्तियों में निवेश कर उसकी वास्तविक प्रकृति छिपाने और उसे वैध संपत्ति के रूप में दर्शाने का प्रयास किया. जांच के दौरान ईडी ने करीब 18.20 करोड़ रुपए की संपत्ति को अपराध से अर्जित आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के रूप में चिन्हित किया. इससे पहले एजेंसी इस संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क भी कर चुकी है.



# इंडोनेशिया में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

**नई दिल्ली, 6 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंच गए. एयरपोर्ट पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. लैंडिंग से पहले इंडोनेशियाई वायुसेना के फाइटर जेट्स ने पीएम मोदी के विमान को एस्कॉर्ट किया.**

यह सम्मान विशेष राजकीय स्वागत का हिस्सा माना जाता है. पहली बार नहीं है कि पीएम मोदी के किसी देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले उनके विमान को एस्कॉर्ट किया जा रहा है. कई बार मेजबान देश की वायुसेना के लड़ाकू विमान उनके विमान को एस्कॉर्ट करते हैं. इसे विशेष राजकीय सम्मान और स्वागत का प्रतीक माना जाता है. हाल ही में (मई 2026) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान देखने को मिला था, जब यूएई वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया था. स्वीडन में भी ग्रिपेन फाइटर जेट्स ने विमान को इसी तरह एस्कॉर्ट कर उनका स्वागत किया था।

**साझेदारी को और गति देने के उद्देश्य से चर्चा करेंगे**

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने व्यक्तिगत रूप से मेरा स्वागत किया, जिससे मैं अत्यंत भावुक हो गया. उन्होंने कहा, 2018 में, हमने अपने दोनों देशों के बीच संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया, जिससे हमारे लोगों को अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं. इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और मैं विभिन्न क्षेत्रों में इस साझेदारी को और गति देने के उद्देश्य से चर्चा करेंगे.

**कार्यक्रम** | सहकारिता मंत्रालय के 5 साल हुए पूरे, 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा

# पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवन : शाह

**नईदिल्ली, 6 जुलाई. सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए. इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री ने अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था.**

सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चाहूंगा. प्रधानमंत्री के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है. 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा. इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना गया. लेकिन, प्रधानमंत्री ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है. सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है.

शाह के मुताबिक, आज की तारीख में सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे हो चुके हैं. ऐसी स्थिति में हमारे लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम आपको अपने मंत्रालय की उपलब्धियों से अवगत कराएं. साथ ही, अपनी भावी रोडमैप के बारे में भी बताएं. जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे. विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है, लिहाजा केंद्र सरकार को इसमें दखल नहीं देना चाहिए, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया.



**शाह की प्रमुख घोषणाएं**

- सहकारिता मंत्रालय की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पेश की जाएगी
- राष्ट्रीय सहकारी बीज समिति का विस्तार
- 55 हजारपैक्स बन रहे ग्रामीण सेवा केंद्र
- किसानों को शुद्ध और मिलावट-मुक्त बीज उपलब्ध कराने पर जोर
- उन्नत बीज किस्मों का विकास और वितरण
- सहकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प